हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



**बेचना है।**
मारूति सुजुकी आल्टो
मॉडल- 2016
शानदार कंडीशन में।
फिक्स रेट
2 लाख 10 हजार
संपर्क करें-
Mo. 7987124123

## शराब से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज, अंतरराज्यीय तस्करी पर भी शिकंजा

# शराब की अवैध बिक्री-परिवहन के 554 केस, अवैध निर्माण के 102 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब के अवैध कारोबार पर नकेल कसने का काम इस वित्तीय वर्ष में काफी प्रभावी रूप से होता नजर आया है। आंकड़ों की बात करें तो सालभर में शराब के अवैध बिक्री और परिवहन के 554 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं इस दौरान अवैध रूप से शराब निर्माण के भी 102 मामले दर्ज किए गए हैं। इस करवाई के दौरान 8 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त भी की गई है। इसमें आबकारी और पुलिस महकमे की कार्रवाई शामिल है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कुछ सालों के दरमियान शराब के अवैध कारोबार काफी तेजी से बढ़ने लगा था। जिसको लेकर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी अपनी नाराजगी जताते कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। जिसका असर भी अब फील्ड पर देखने को मिल रही है, जहां पुलिस विभाग जिले के कोने-कोने में पहुंचकर एक्शन ले रही है। वहीं आबकारी विभाग भी फील्ड पर उतारकर कार्रवाई कर रहा है। हालांकि पुलिस के मुकाबले आबकारी विभाग की कार्रवाई के आंकड़े काफी कमजोर हैं।

### कार्रवाई में 633 आरोपी हुए गिरफ्तार

इस साल दर्ज किए गए साढ़े 5 सौ से अधिक प्रकरण में 633 आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई है। इनमें अवैध रूप से शराब निर्माण के मामले में 48 आरोपी शामिल हैं। वहीं अवैध रूप से शराब परिवहन के मामले में 146 एवं अवैध रूप से शराब बिक्री के प्रकरण में 439 आरोपी पकड़े गए हैं। इनमें राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के आंकड़े शामिल है।

### 130 वाहन भी किए गए जब्त

बताया गया कि आबकारी और पुलिस महकमे द्वारा की गई शराब के अवैध परिवहन और बिक्री के मामले में वाहनों की जब्ती भी की गई है। आंकड़ों के अनुसार सालभर में कुल 130 वाहन शराब मामलों में जब्त किए गए हैं। इनमें आबकारी विभाग द्वारा 8 एवं पुलिस महकमे द्वारा 122 वाहन जब्त किए गए हैं।

## घुमका के गौठान और महिला प्रशिक्षण भवन में शराब दुकान खोले जाने की तैयारी, विरोध में उतरी कांग्रेस




**राजनांदगांव।** गौरव ग्राम रहे घुमका में एक बार फिर शराब दुकान खोले जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आबकारी विभाग घुमका में स्थायी दुकान बनने तक अस्थायी रूप से दुकान संचालन के लिए स्थान तय करने में जुटा हुआ है। बताया गया कि घुमका में गौठान और महिला प्रशिक्षण भवन का चयन दुकान खोले जाने के लिए किया जा रहा है। जिसका विरोध भी अब कांग्रेस द्वारा शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने आरोप लगाते कहा कि उन्होंने घुमका में शराब दुकान खोलने की राज्यपाल के नाम शिकायत का पत्र आबकारी विभाग को सौंपा था, लेकिन राज्यपाल कार्यालय ना भेजकर जिला कार्यालय और आबकारी विभाग की मिलीभगत से दबा दिया गया था। राजभवन में दोषियों पर कार्रवाई की मांग रूपी शिकायत हुई। राज्यपाल सचिवालय ने कार्रवाई हेतु 20 मई 2025 को वाणिज्य कर विभाग और 16 जुलाई 2025 को जन शिकायत विभाग छग शासन को भेजा, लेकिन शराब से राजस्व कमाने के लिए अब तक छग सरकार ना तो कार्रवाई की और ना ही राजभवन में कोई जानकारी दी, जो सरकार के भ्रष्ट प्रशासन का प्रमाण है और अब पवित्र गौठान स्थल के साथ महिला स्व-सहायता समूह के विकास के लिए बनाए गए कमरों को शराब दुकान के लिए कब्जा कर मुरमीकरण कराए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते इसे भाजपा सरकार राज्यपाल कार्यालय का अपमान और गौठान और महिला के प्रति असम्मान क्रूरता का प्रमाण बताया है।

### बगैर सामान्य सभा के खुल रही दुकान

प्रवक्ता रूपेश दुबे ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत घोषित कर वहां चुनाव ना कराकर शराब दुकान के लिए एनओसी का नीतिगत, विधिवत निर्णय ना लेना पड़े और शराब दुकान खुल जाए, क्योंकि नगर पंचायत में सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने पर ही दुकान खुल सकती है अन्यथा नहीं। वहीं घुमका में विकास नहीं बल्कि, जनता को संपत्ति, समेकित, जल व अन्य टैक्स की मार भाजपा सरकार दे दी है।

## खबर संक्षेप

### शांतिभंग, आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** विवाद कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत शुभम यादव 23 साल 11 पुल शांतिनगर स्थायी पता रमन बजार द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## मॉय एगल




## सीसीटीवी से मिला सुराग

# दवा दुकान में चोरी आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल दुकान से नगदी सहित मेडीसीन समानों के चोरी मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रेलवे स्टेशन रोड धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स राजनांदगांव में 14-15 मार्च की दरम्यानी रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे 5300 रुपए व अन्य सामान चोरी कर ले जाना बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर संदेही मिथलेश 21 साल पता संतोष राही के घर जैतखाम के पास लखोली को तलाश कर थाना लाकर पूछताछ करने पर घटना की पूरी जानकारी दी गई। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 1160 रुपए एवं टेबलेट बरामद कर मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### जेब में रखता था टेबलेट

एक लोहे के राड़ से दुकान के शटर का ताला तोड़ और अंदर जाकर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को मोडकर गल्ले से 5300 रुपए और तीन टेबलेट चोरी करना एवं 1160 रुपए अपने पास होना, बाकी पैसे में जुआ में हार जाना तथा टेबलेट अपने पास जेब में रखना उसने बताया।



## खबर संक्षेप

### एक्सपोजर प्रोग्राम के लिए हरीश चयनित



**उपरवाह।** उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा एक्सपोज़र कार्यक्रम अंतर्गत विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के छात्र हरीश साहू पिता अजय साहू का चयन किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थी 15 से 28 मार्च तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को संस्कृति, परंपरा, शिक्षा व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधनों तथा सामाजिक जीवन को समझने का अवसर मिलेगा।

### आरती के बाद माता कर्मा को लगाया भोग



**डोंगरगढ़।** कर्मा जयंती के अवसर पर तहसील साहू संघ ने तहसील भवन अछोली में कार्यक्रम आयोजित किया। मां कर्मा की पूजा आरती कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। तहसील अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने मां कर्मा के जन्मोत्सव पर विस्तार रूप से उनके जीवन और समाज को दिए योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में हंसराज साहू, हेमंत साहू, अशोक साहू, लता साहू, ज्ञानचंद, ईश्वर साहू, रामभरोसा, नामदेव, रामेश्वरी, महेंद्रदास, शिवचरण, निर्मला साहू, कुलदीप साहू, योधनदास साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### सीए परीक्षा में अनुष्का- कर्णिका सफल




**डोंगरगढ़।** विख्यात प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की दों छात्राओं ने सीए की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। संस्था की अनुप्रेक्षा जैन ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने प्रोफेशनल सफर का आगाज किया है। इसी क्रम में कर्णिका जैन ने सीए इंटरमीडिएट ग्रुप-1 की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। छात्राओं की इस उपलब्धि से प्रतिभास्थली में उत्सव का माहौल है। विद्यालय की दीदियों और शिक्षिकाओं ने अनुष्का और कर्णिका को मंगल आशीर्वाद दिया है।

### केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा प्रारंभ



**पटेवा।** संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत आने वाली प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थी पूरे मनोयोग के साथ प्रश्नपत्र हल करते नजर आ रहे हैं। संकुल अंतर्गत 291 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं जिसमें माध्यमिक स्तर के 179 तथा प्राथमिक स्तर के 112 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। परीक्षा के संचालन के लिए दुलारसिंह साहू, गौतम मारकंडे, मनोज साहू, हरिश्वर साहू, चंद्रप्रभा वर्मा, गंगाराम साहू, चरणलाल साहू तथा हरिश्चंद्र समारी को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है।

### हेमंत और लाकेश नए अध्यक्ष



**जेवरतला रोड।** झेरिया धोबी समाज संजारी राज की वार्षिक महासभा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन 14 एवं 15 मार्च को संबलपुर में किया गया। पहले दिन उद्घाटन, पूजा अर्चना के बाद सभापति एवं उपसभापति का चयन किया गया। आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत करने के अलावा प्राप्त आवेदन पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान नया चुनाव कराया गया। अध्यक्ष पद पर हेमंत निर्मलकर विजयी हुए। कोषाध्यक्ष तामेश्वर निर्मलकर निर्वाचित हुए। दूसरे दिन महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी शुरूवात कलश यात्रा से की गई। महिला पदाधिकारियों का चयन किया गया।महिला अध्यक्ष लाकेश निर्मलकर बनी।

### सड़क मरम्मत में गड़बड़ी



**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग द्वारा नवरात्र के पूर्व कई प्रमुख मार्गों की मरम्मत के साथ नवीनीकरण किया जा रहा है। पिछले 3 माह में लगभग 20 करोड के कार्य संपादित किए गए है जिसमे कुछ काम प्रगति पर है। नवीनीकरण और मरम्मत कार्य अधिकारियों ने सांठगांठ कर संपादित कराया है। मरम्मत कार्य के साथ ढारा से डोंगरगढ़ तक 7 करोड की निर्माणधीन डामर सडक के अलावा नागतराई सडक मरम्मत, चिचोला से डोंगरगढ़, डोंगरगढ़ से अछोली मार्ग सहित अन्य मरम्मत कार्य की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आएगी।

### कॉलेजों के बीच हुआ समझौता




**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय तथा नवीन शासकीय महाविद्यालय कुटरु, धुर्वाराव माडिया महाविद्यालय भैरमगढ़ के बीच शैक्षणिक एवं संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर तथा कुटरु के प्राचार्य गोकुल निषाद की उपस्थिति में हुआ। इस समझौते के तहत महाविद्यालयों के बीच अनुसंधान कार्यों, शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों के तहत सेमीनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा।

# कला और संस्कृति के बिखरेंगे रंग, लोक मंडई 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

राज्य की कला, संस्कृति के विविध रंग इस साल तुमडीबोड में आगामी 29 से 31 मार्च तक देखने का अवसर लोगों को मिलेगा। विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में लोक मंडई का तीन दिवसीय आयोजन की वृहद तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में राज्य के ख्याति प्राप्त एवं उभरते लोक कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

लोक मंडई आयोजन के लिए विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन एवं गुलाब वर्मा के संयोजन में लोक मंडई आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्ष सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू है। समिति में सुरेश जैन, राजेंद्र जैन, अजय जैन, धरम जैन, भूपेन्द्र सोनवानी, सुनील जैन, अमरोतन साहू, टीकम पटेल, लीलाधर माह, भेवदास, पीतांबर, राजेश, जयराम साहू, राकेश शर्मा, सुदर्शन साहू, खेलूराम साहू और संतोष साहू को शामिल किया गया है।

## तुमड़ीबोड़ में तैयार हो रहा भव्य मंच

### कृषि मेला और मीनाबाजार भी






संस्कृति और कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित लोक मंडई का आयोजन तुमड़ीबोड़ में पहली बार हो रहा है, जिसमें लोक संस्कृति व लोक परम्परा के साथ लोक संगीत, लोक गायन, नृत्य, हास्य एवं प्रहसन की प्रस्तुति होगी। कृषकों को कृषि ज्ञान, विज्ञान से संबंधित स्टालों से जोडने के लिए प्रदर्शनी, एवं लोगों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अब तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित लोग मंडई के लिए विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में भव्य आयोजन होते रहा है।

### लगातार आयोजन

लोक मंडई आयोजन समिति के सदस्य अजय जैन ने बताया कि लोक मंडई की शुरूवात सन 2000 में आलीवारा से हुई थी। तब से अब तक लोक मंडई कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। अब तक आलीवारा, लालबहादुर नगर, डोंगरगांव, मुसरा, ठेलकाडीह, सुरगी आदि जगहों पर इसका आयोजन हो चुका है। श्री जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम बरभाठा मैदान में होगा। मौके पर भव्य मंच का निर्माण किया जा रहा है।

## दो घंटे तक हुई बारिश, आधा दर्जन गांव में ब्लेक आऊट

# ओला वृष्टि से फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

## बारिश से किसानों को हुआ नुकसान

सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात को मौसम का कहर देखने को मिला। वनांचल से मैदानी इलाके तक आंधी तूफान के साथ बारिश होने की खबर है। अंचल के अधिकांश गांव में ओले गिरने की भी जानकारी है।

सोम- मंगल की रात तकरीबन साढ़े बारह बजे मौसम ने करवट बदला और क्षेत्र में गरज के साथ आंधी तूफान चलने लगा। तेज बारिश होने लगी। लगभग दो घंटे तक बारिश से हुई। असमय बारिश और ओला वृष्टि से चना, मुंग, सोयाबीन की फसल खराब होने की आशंका जताया जा रहा है। ज्ञात हो कि चना, मुंग, मसूर, अरहर की कटाई मिंजाई शुरू हो चुकी है ऐसे समय पर बारिश और ओला वृष्टि होेने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान फसल की कटाई के समय भी बारिश ने कहर ढाया है जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ था और अब रबी फसल की कटाई मिजाई के समय बारिश और ओला वृष्टि ने फसल को नुकसान पहुंचाया है।




### जमकर बरसे ओले

जानकारी अनुसार सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, गुमानपुर, खैरबना, जीराटोला, मानपुर, सिंगारपुर, भदेरा, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मगरकुड, दौजरी, चकनार, बेलगांव, संड़ी, बेलगांव, खैरा नवापारा, ओटेबंद, जंगलपुर, पंडरिया, विचारपुर, भरदा, बुन्देली, घिरघोली अन्य गांव में तेज बारिश और ओला वृष्टि की खबर है।

### आधा दर्जन गांव की बिजली गुल

आंधी तूफान और बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित रही। रात तकरीबन 1 बजे से क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव में बिजली गुल रही। लोग रात भर गर्मी, उमस से परेशान रहे। सुबह फाल्ट सुधरने पर बिजली सप्लाई शुरू किया गया। बिजली गुल होने से कुछ गांव में नल-जल योजना भी प्रभावित हुई।



### लाखों का धान भीगा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के डेढ़ माह बाद भी उपार्जन केन्द्रों में धान का एक बड़ा स्टाक रखा हुआ है। विभाग ने फरवरी तक सभी केन्द्रों से धान का उठाव करने का दावा किया था किन्तु मार्च का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो पाया है। अनायास हुई बारिश से केन्द्रों में रखा लाखों का धान भीगने की जानकारी है।

### क्षतिपूर्ति एवं बीमा की मांग

धान के बाद रबी की फसल भी तेज बारिश और ओला वृष्टि की भेंट चढ़ गई है। चना, मुंग, मसूर, टमाटर, केला, पपीता तथा आम आदि की फसल चौपट हो गई। लगभग सभी किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल का बीमा कराया है। किसानों ने फसल नुकसान की जानकारी दर्ज करा दिया है। प्रभावित कृषकों ने फसल नुकसान का सर्वे करने तथा फसल बीमा देने की मांग की है।

## क्षतिग्रस्त रंगीटोला डेम की मरम्मत कराने में कोताही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिचोला

किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने और क्षेत्र में जलस्तर बढ़ाने के लिए सालों पहले रंगीटोला में डेम बनाया गया था। यह डेम दो साल पहले 10 सितम्बर को आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया जिसकी अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है।

डेम के क्षतिग्रस्त होने से पानी का ठहराव नही हो रहा है जबकि पूर्ववर्ती सालों में बांध में हमेशा पानी भरा रहता था और किसानों को सिंचाई सुविधा मिलती थी। जलस्तर बढ़ने से लोगों को पेयजल संकट से दो चार नहीं होना पड़ता था। उल्लेखनीय है कि रामपुर खातुटोला बैराज बनने के बाद से क्षेत्र में हमेशा पानी रहता था। समय समय पर बैराज से पानी छोड़ने से वाटर लेबल भी बढ़ गया था। डेम टूटने के बाद से नदी से लगे गाँव का वाटर लेबल फिर नीचे चला गया है। वर्तमान में पानी की समस्या गहराने की आशंका दिखाई दे रही है।

### शिकायत की अनदेखी

जानकारी के अनुसार डेम की मरम्मत की मांग करते हुए ग्रामीण सुशासन तिहार में भी आवेदन दे चुके है किन्तु अब तक निराकरण की पहल नहीं हुई है।सरपंच संगीता गोड़ ने बताया कि डेम की स्थिति से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मरम्मत कराने की दिशा में कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

## जोर पकड़ रही मीना बाजार हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर नगर सजकर तैयार होने की स्थिति में है। नीचे मंदिर प्रांगण में लगने वाले स्टाल, दुकानों सहित मीना बाजार को दर्शनार्थियों की भीड एवं सुरक्षा की दृष्टि से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाने की मांग उठ रही है। नगर पालिका द्वारा स्टाल एवं मीना बाजार के नाम से लाखों उगाही तो किया जाता है किन्तु किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जाता। मीनाबाजार के कारण मंदिर के मार्ग के दोनों और सैकडो वाहन खड़े कर दिया जाता है जबकि नीचे मंदिर मार्ग पर पार्किंग व्यवस्था होती है। इसी क्रम में नीचे मंदिर प्रांगण के सामने भी स्थाई पार्किंग होती है। लोग मीनाबाजार का मजा लेने स्वयं के वाहन से पहुंचते है और रोड किनारे खडे कर देते है। जिससे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है।

## अनियंत्रित ट्रक टकराया बिजली पोल से



**सड़क अतरिया।** चकनार नर्मदा के मध्य मंगलवार को एक ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गया जिससे बड़ी घटना टल गई। जानकारी अनुसार मंगलवार को लगभग साढ़े चार बजे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमवी 3829 नर्मदा से गंड़ई जा रहा था। लक्ष्मी स्टील दुकान के सामने ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर लगे बिजली पोल से टकरा गया जिससे विद्युत पोल झुक गया। घटना के बाद मौके पर हाय-तौबा मच गया। घटना की सूचना तत्काल बिजली आफिस गंड़ई को देकर सप्लाई बंद कराया गया।

## अतिथियों ने छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने किया प्रेरित

# कनिष्ठों ने वरिष्ठ छात्रों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कल्लूबंजारी



पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी की कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने समारोह आयोजित कर आठवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी बिदाई दी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। मुख्य अतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम थी। अध्यक्षता शाला समिति के अध्यक्ष टोमन ठाकुर ने की। विशेष अतिथि राजकुमार पटेल, सुशील कंवर, प्रधानपाठक उमेन्दसिंह मंडावी, जाकेश साहू, दिनेश कुरेटी, तिलक बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर ठाकुर, सुषमा नेताम, चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन साहू थे। शुभारंभ के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया।

इस दौरान आठवीं की उरांसी कंवर, यशराज तिवारी, भारती सिन्हा, ललेश्वर ताम्रकार, लीलाधर यादव, बिंदिया साहू एवं रीशिका नटानी ने भी अपने अनुभव साझा किया। शिक्षिका सुषमा नेताम के मार्गदर्शन में कागज के बैच से अतिथियों एवं आठवीं के बच्चों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिनेश कुरेटी के स्वरचित बिदाई गीत प्रस्तुत किया जिससे वातावरण गमगीन हो गया। कार्यक्रम का संचालन काजल पटेल एवं भिनेश्वरी साहू ने किया।

### छात्रों ने अनुभव किए साझा



**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों ने ससम्मान विदाई दी।आठवीं के बच्चों का गुलाल से अभिनंदन किया गया। आठवीं के बच्चों को पेन भेंट में दिया गया। शिक्षकों ने उद्बोधन में सभी बच्चों को आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, कविता ठाकुर, मोनिका ठाकुर उपस्थित थे। पूर्व माध्यमिक शाला बोइरडीह में विदाई समारोह आयोजित कर कक्षा आठवीं के बच्चों को विदाई दी गई। बच्चों ने कक्षा आठवीं के बच्चों को फाइल और पेन दिया तथा आठवीं के बच्चों द्वारा शाला को ग्लोब भेंट किया। इस मौके पर न्योता भोज कराया गया। समारोह में कामता प्रसाद, दिलीप साहू, बालाराम करसेल, हिलेश्वर साहू, नीलिमा वैष्णव, तुलसा लोन्हारे उपस्थित थे।

## दुकानों से शराब की तस्करी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शासकीय शराब दुकान कटली से शराब तस्करी कर शहर में अवैध रूप से बेचा जा रहा है। राजनीतिक लोगों संरक्षण में कुछ लोगों को शराब बेचने की छूट दे दी गई है। शराब दुकान से कोचियों को देशी एवं लाल शराब पेटियां 200 रूपए प्रति पेटी एवं गोवा में 300 रूपए कमीशन लेकर दिया जा रहा है। अन्य अंग्रेजी शराब में 500 रूपए तक कमीशन तय होना बताया जा रहा है। शराब दुकान के कर्मचारी दुकान खुलने के पहले और देर रात को कोचियों को शराब मुहैया कराते है। इसी प्रकार मेंढा और बोरतलाव शराब दुकानों में भी शराब का अवैध कारोबार चल रहा है।



## प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेसी



**सड़क अतरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को विधानसभा का घेराव किया गया। प्रदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने बताया कि यह प्रदर्शन मनरेगा बचाव, नकली शराब, अफीम की खेती, शराबखोरी, गैस की किल्लत सहित अन्य मुद्दों को लेकर किया गया। प्रदर्शन में मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, निर्मला विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, कविता योगेश जंघेल, संतोष यदु, हेमंत वैष्णव, लिखन जंघेल, देव कुमार सहित अन्य शामिल हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


किसान भाईयों के लिए न्यू हॉलैण्ड दे रहा अद्भुत, अविश्नीय सौगात पहली बार
NEW HOLLAND
नवरात्रि पर्व
की हार्दिक बधाई
पहले आओ - पहले पाओ
उपहार योजना प्रथम 10 किसानों के लिए
उपहार योजना केवल चैत्र नवरात्र तक
3230 NX
3230 TX
3037 TX
3032 TX
प्रत्येक ट्रेक्टर की खरीदी पर
दो चक्का ट्राली फ्री
ट्रैक्टर के साथ आरटीओ, इंश्योरेंस, एसेसिरीज
न्यू हॉलैण्ड हार्वेस्टर बुकिंग पर स्कूटी फ्री
*नियम एवं शर्तें लागू
शाकंभरी ट्रैडर्स
राजनांदगांव रोड़, बाईपास के पास
सोनेसरार, खैरागढ़, जिला - केसीजी
मो. 8602996070, 9835371531

## सार समाचार

### तुलसी साहित्य अकादमी की जिला इकाई गठित

**राजनांदगांव।** तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष संजीव ठाकुर की अनुशंसा पर





वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र बहादुर सिंह को तुलसी साहित्य अकादमी की राजनांदगांव जिला शाखा एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रशांत झा को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वीरेन्द्र बहादुर को तुलसी साहित्य अकादमी राजनांदगांव की जिला कार्यकारणी एवं डॉ. प्रशांत झा को खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई की जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को संपादित करने हेतु अधिकृत किया गया है। वीरेन्द्र एवं डॉ. प्रशांत की नियुक्ति पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

### साइकिल से तीर्थयात्रा के लिए रवाना



**राजनांदगांव।** चिखली वार्ड क्रमांक 5 से निवासी संजय साहू (40 वर्ष) पिता अमृतलाल साहू ने 26 फरवरी 2026 को सुबह 5 बजे से साइकिल से तीर्थयात्रा के लिए प्रस्थान हुए है। वह शेगाव से घृणेश्वर ज्योतिर्लिंग, शिर्डी साईनाथ महाराज, नासिक, तृयम्ब्केश्वर ज्योतिर्लिंग, सिद्धि विनायक मुंबई, भिमा शंकर ज्योतिर्लिंग तक दर्शन किया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने दिए सुझाव




**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने आज मुख्यमंत्री निवास पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषय को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मंच साझा किया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन डॉ. देवेंद्र कश्यप और मुख्यमंत्री की ओएसडी तुलसी कौशिक भी उपस्थित थे। श्री निर्वाणी ने मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की और झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने अपना प्रस्ताव रखा।

### किसानों के खाते में पहुंची 22वीं किस्त : दादूराम

**राजनांदगांव।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करने पर हर्ष व्यक्त करते इसे अन्नदाताओं की बड़ी जीत बताया है। श्री सोनकर ने कहा कि आज का दिन देश और प्रदेश के किसानों के लिए उत्सव का दिन है। प्रधानमंत्री ने असम के गुवाहाटी से एक क्लिक के माध्यम से देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की है। छत्तीसगढ़ के 24 लाख 71 हजार से अधिक किसानों के खातों में भी सम्मान निधि की राशि पहुंच गई है, जो हमारी सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की मोदी सरकार मिलकर डबल इंजन की रफ्तार से छत्तीसगढ़ के किस समृद्ध बना रही है।

### सिलेंडर की कीमत बढ़ने से पनपा आक्रोश

**राजनांदगांव।** रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में हाल ही में हुई लगभग 60



रुपए की बढ़ोत्तरी को लेकर नगर निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यदि देश में गैस सिलेंडर की कोई किल्लत नहीं है, जैसा कि भाजपा नेता दावा कर रहे हैं, तो फिर अचानक कीमतों में बढ़ोत्तरी क्यों की गई? श्री पिल्ले ने बयान जारी करते कहा कि यह बढ़ोत्तरी आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार आपदा और परिस्थितियों का फायदा उठाकर आम लोगों की जेब पर बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस पहले ही आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है और अब 60 रुपए की नई बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की परेशानी और बढ़ जाएगी। पिल्ले ने कहा कि भाजपा के नेता जनता को यह समझाने में लगे हैं कि गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन कीमत बढ़ाकर सरकार खुद अपने दावों पर सवाल खड़े कर रही है।

### टीकाकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेडेसरा राजनांदगांव द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, कविता तथा नारों के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि समय पर टीकाकरण करवाने से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। नुक्कड़ नाटक और प्रेरक नारों के जरिये लोगों को अपने बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करवाने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

### 20 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार चेटीचंद झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में 20 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# तीन दिन में डेढ़ हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के डोंगरगांव रोड स्थित नवजीवन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग डेढ़ हजार मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराकर एक इतिहास रचा है। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में तीन दिनों तक हजारों की भीड़ उमड़ी रही है।

शहर में यह पहला एवं ऐसा निराला शिविर रहा। जिसमें मरीजों के लिए भोजन, पानी व नास्ते की सुविधा के अलावा सोनोग्राफी, इको टेस्ट, एण्डोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी सहित ईसीजी व सुगर टेस्ट की सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क थी। शिविर में सेवाएं दे दर्जनभर से ज्यादा डॉक्टरों में से सबसे वरिष्ठ जिला चिकित्सालय के जाने-माने सर्जन रहे एंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. एमके दिवाकर ने पेट की शिकायत लेकर आए दर्जनभर के करीब मरीजों का न केवल उपचार किया, एंडोस्कोपी सर्जरी भी कर उन्हें राहत पहुंचाई। मरीजों को नाक, कान, गला से लेकर दंत रोग, कैंसर रोग, नर्व सिस्टम की शिकायत, नेत्र रोग, हड्डी रोग सहित अन्य रोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने जुटे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपने उपचार से न केवल मरीजों को सेस्टीफाइड किया, निःशुल्क टेस्ट सुविधा दिलाकर मरीजों का दिल भी जीत लिया।



#### दर्जनभर से ज्यादा डॉक्टरों ने दी निःशुल्क सेवा

नवजीवन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉ. चेतन साहू ने बताया कि 13 से 15 मार्च तक चली इस शिविर में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन रहे डॉ. एमके दिवाकर, डॉ. विप्लव चंद्राकर, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. ताज मो. सिद्दीकी सहित प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र, रोग, नाक, कान, गला रोग, चर्म रोग, दंत रोग व अन्य रोगों के लगभग एक दर्जन से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर को अपनी निःशुल्क सेवाएं दी और मरीजों का निःशुल्क चेकअप कर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया।

#### सेवा का रचा इतिहास

डॉ. चेतन साहू ने बताया कि समाजसेवा के उद्देश्य से आयोजित इस निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर में लगभग डेढ़ हजार मरीजों ने विशेषज्ञ डाक्टरों का चिकित्सीय सेवाओं का लाभ लेकर एक इतिहास रचा है। इस शिविर में समाजसेवी शारदा तिवारी व पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने मरीजों को निःशुल्क सेवाएं दे रहे डॉक्टरों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी व उनकी टीम, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू और उनकी टीम, कसौधन वैश्य गुप्ता समाज, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, मां कर्मा रक्तवीर क्लब आदि का सहयोग रहा है।

## किराना, गल्ला से खरीद लिए लाखों का लोहा, सीमेंट और गिट्टी, रेत

# मोहला ब्लॉक में सरपंच-सचिव की करतूत, फर्जी बिलों का भुगतान

## पंचायतों में विभिन्न मदों की राशि का बंदरबाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम पंचायत में वित्तीय मामलों में पारदर्शिता के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मोहला जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव जीएसटी बिल का धंधा कर रहे बिचौलियों के साथ मिलकर गांव के विकास के लिए शासन स्तर पर विभिन्न मदों के भेजे गए रकम का बंटाधार कर रहे हैं। गांव के आम ग्रामीणों को पता ही नहीं कि उनके सरपंच और सचिव किराना दुकान, गल्ला व्यापारी, कृषि बीज भंडार, बुक डिपो तथा जिनका दुकान नहीं, वहां से लाखों रुपए का रेत, सीमेंट, और छड़ खरीदी का बिल लगाकर आवंटित शासकीय राशि हड़प लिए हैं।

उल्लेखनीय है कि मोहला जनपद पंचायत के अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों में गांव के विकास के लिए आने वाले विभिन्न मदों की राशि हड़पने की लूट मची हुई है। यहां स्टेशनरी, मटेरियल, फोटो कॉपी, प्रिंट ऑउट के साथ ही गली लाइट, बोर रिपेयरिंग के नाम पर कीमत से ज्यादा के बिल बाउचर लगाकर शासकीय राशि का बंटाधार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव और सरपंच मिलकर जिनकी दुकान नहीं, उनका जीएसटी बिल, किराना दुकान, गल्ला व्यापारी, कृषि बीज भंडार, बुक डिपो से लोहा, सीमेंट, छड़ , गिट्टी, रेत आदि मटेरियल खरीदी के नाम पर कीमत से अधिक लेजर में भुगतान दिखा रहे हैं। मोहला जनपद क्षेत्र के बेहद संख्या में ग्राम पंचायतों का फर्जी बिल पे भुगतान होने का सनसनीखेज मामला हरिभूमि के पड़ताल में सामने आया है।




#### विकास के नाम पर नक्सली होते रहे बदनाम

बीते 40 सालों से इस वांछित आदिवासी अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बाधक के रूप में नक्सली संगठन को पूरा सिस्टम ठहराते रहा है। जिले में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। इधर पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधि जनपद पंचायत मोहला के भ्रष्ट अधिकारियों से मिलकर अब खुलेआम सरकारी धनराशि का दुरूपयोग कर पंचायत से लाखों रुपए का हेराफेरी करने का काफी संख्या में पंचायतों का मामला सामने आया है।

#### गल्ला दुकान से रेत लोहा, गिट्टी के बिल

मोहला जनपद के अधीन ग्राम पंचायत में सरकारी राशि का किस तरह बंदरबांट किया जा रहा है, इसका जीवंत उदाहरण ग्राम पंचायत कंदाडी है। यहां सरपंच पति द्वारा रबिया बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर एंड हार्डवेयर मोहला से रेत, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर जीएसटी बिल में 20 जुलाई 2025 के डेट पर 49800 का एक बिल लगाया गया है। बिल क्रमांक 345 के एक बिल से सरपंच-सचिव ने चार-चार बार कुल 199200 का राशि आहरण कर लिए हैं। जबकि जीएसटी बिल धारक का उल्लेखित अटल व्यावसायिक परिसर मोहला में बिल्डिंग सप्लायर एंड हार्डवेयर का कोई भी दुकान नहीं है। वह गल्ला व्यापारी है, जो ग्राम पंचायतों से कमीशन लेकर फर्जी जीएसटी बिल काट के देता है।

#### जांच की जाएगी

पूरे मामले की जांच करते फर्जी बिलों के पड़ताल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- **प्रांजल प्रजापति,** सीईओ, जनपद पंचायत मोहला

#### मोहला में चल रहा है जीएसटी बिल का धंधा

मोहला जिला मुख्यालय है, यहां कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, दंडाधिकारी, जनपद सीईओ से लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारियों का मुख्यालय में सीधा प्रभाव है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव सरकारी धनराशि को हड़पने लूट मचाए हुए हैं। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के भुगतान के लिए जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। इधर 15वें वित्त आयोग तथा मूलभूत की राशि को हड़पने सरपंच व सचिव ने एक अलग ही रास्ता अख्तियार कर लिया है। रेत, गिट्टी, ईंट, सरिया, सीमेंट सहित फोटोकापी, प्रिंट आउट, गली लाइन, बोर रिपेयरिंग के नाम पर पंचायतों में गल्ला व्यापारी, किराना दुकान, कृषि बीज भंडार, बुक डिपो से रा-मटेरियल का बिलों में अहरण के साथ-साथ जिनका दुकान नहीं, जीएसटी बिल का धंधा कर रहे लोगों से बिल लेकर बेहद संख्या में पंचायतों के सरपंच-सचिव सरकारी धन राशि को हजम कर लेने का मामला हरिभूमि के पड़ताल में सामने आया है।

## बेकाबू कार ने मंदिर को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। दुर्ग रोड के पास एक तेज रफ्तार कार ने जमकर तबाही मचाई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वहां स्थित बजरंग बली का मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया और पास ही रखी सीमेंट की कुर्सियां चकनाचूर हो गई। अंत में कार एक पीपल के पेड़ से जा टकराई, जिससे वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 16 और 17 मार्च की दरम्यानी रात लगभग 1 बजे की है। जानकारी अनुसार कार क्रमांक सीजी 07 सीए 1768 का चालक सागर शर्मा (भिलाई, दुर्ग निवासी) वाहन को अत्यंत तेज और लापरवाही पूर्वक चला रहा था। अनियंत्रित होकर कार सीधे मंदिर और वहां रखे सीमेंट की बनी सार्वजनिक बेंच से जा टकराई। रात के सन्नाटे में टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए।

हादसे में बजरंग बली के छोटे मंदिर के ढांचे में गहरी दरारें आ गई हैं, हालांकि गनीमत रही कि मंदिर के भीतर स्थापित मूर्ति सुरक्षित है। वहीं, पार्षद निधि से आम जनता के बैठने के लिए बनाई गई सीमेंट की कुर्सियां इस टक्कर में पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। कार का अगला हिस्सा और इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि चालक को भी गंभीर चोटें आई होंगी। मामले में शिकायत पर गंडई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक महेंद्र टंडन द्वारा की जा रही है।

### बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तिलकराम 32 साल निवासी ग्राम साल्हे मन्होरा की 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे मोहड चौक के पास से अपने मोटर साइकिल प्लसर बजाज 125 चोरी होने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते प्रकरण में आरोपी महेन्द्र उर्फ दादू मानिकपुरी को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया, जिस पर आरोपी महेन्द्र उर्फ दादू मानिकपुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल प्लसर बजाज को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई किया गया।

# समारोह में 223 नव आरक्षकों ने कर्तव्य निष्ठा की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 83वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेनिंग से पासआउट हुए 223 नव आरक्षकों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव पुलिस रेंज आईजी बालाजी राव शामिल हुए।

शहर के पीटीएस स्थित शौर्य परेड मैदान में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दीक्षांत समारोह में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 153 पुरूष और 70 महिला सहित आत्म समर्पित पूर्व नक्सलियों ने भी कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इस प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षण को मुख्य अतिथि आईजी बालाजी राव ने सम्मानित किया। पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर नव आरक्षक बने वर्ष 2016 में आत्मसमर्पित पूर्व नक्सलियों ने कहा कि पुलिस की ट्रेनिंग पूरा कर विभाग में शामिल होना काफी सुखद है।



#### वर्दी समाज का विश्वास

दीक्षांत समारोह के अवसर पर आईजी बालाजी राव ने कहा कि यह शपथ चुनौतीपूर्ण कार्यों के निष्पादन के समय आपको निर्णय लेने में सहयोग प्रदान करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप सभी प्रशिक्षण उपरांत शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत हुए हैं। यह वर्दी केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि इस समाज का विश्वास है। उन्होंने कहा कि वर्दी पहनना आसान है, लेकिन उसकी गरिमा को बनाए रखना एक निरंतर तपस्या है। आपके सामने चुनौतियां आएंगी, प्रलोभन आएंगे, लेकिन आपका चरित्र ही आपकी असली पहचान बनेगा।

#### प्रशिक्षण से हुए दक्ष

पीटीएस पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि के परेड सलामी के उपरांत प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलायी एवं प्रशिक्षण संस्था का प्रतिवेदन वाचन किया। उन्होंने बताया कि कुल 223 नव आरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिसमें 30 प्रशिक्षणार्थी आत्मसमर्पित, 33 प्रशिक्षणार्थी नक्सल पीड़ित, 37 प्रशिक्षणार्थी सहायक आरक्षक से पदोन्नत एवं 42 प्रशिक्षणार्थी गोपनीय सैनिक से भर्ती हुए हैं। प्रशिक्षण के दौरान इन प्रशिक्षणार्थियों को शस्त्र के साथ ड्रील बिना शस्त्र के ड्रील, अत्याधुनिक हथियारों की हैंडलिंग, फायरिंग फिल्ड क्राफ्ट एवं जंगल टेक्टिस का गहन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कानून एवं अन्य समसामयिक विषयों पर संस्था के अध्यापकों तथा अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से व्याख्यान कराया गया।

**उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान:** इस दीक्षांत परेड कार्यक्रम के अवसर पर संस्था द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि बालाजी राव के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं चेक प्रदान किया गया। वहीं संस्था को अमूल्य योगदान देने वाले अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। जिसमें कीर्तन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अरूण सिंह जिला सेनानी नगर सेना, हरेश टोंडर सहायक सेनानी 8वीं वाहिनी, हरीश तिवारी मुख्य कवायद शिक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर, लोकेश कसेर रक्षित निरीक्षक, नवरतन कश्यप यातायात प्रभारी, सत्यार्थ शर्मा निरीक्षक एसबी, श्रवण कुमार मिश्र निरीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय को सम्मानित किया गया।

# विस का घेराव करने सैकड़ों कांग्रेसियों ने किया राजधानी कूच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव प्रदर्शन में राजनांदगांव से सैकड़ों कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कार्यकर्ता 40 चारपहिया वाहनों और 5 बसों में रवाना होकर रायपुर पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में मनरेगा बचाओ संग्राम और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया।

रायपुर में सुरक्षा बलों की कड़ी घेराबंदी के बीच भी कार्यकर्ताओं ने आक्रामक प्रदर्शन करते सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।



जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विधानसभा घेराव के लिए कूच किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सरकार को चेतावनी दी गई। श्री मुदलियार ने कहा कि महंगाई और जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। वहीं मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का प्रदर्शन केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की आवाज है। महंगाई से आम आदमी त्रस्त है और सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही है। मनरेगा जैसी योजना ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेसजन जनता के हक के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ते रहेंगे और सरकार को जनविरोधी फैसले वापस लेने के लिए मजबूर करेंगे। राजनांदगांव से कांग्रेसजनों का दल सुव्यवस्थित तरीके से रायपुर के लिए रवाना हुआ। 40 चारपहिया वाहनों और 5 बसों में कार्यकर्ताओं की टोली ने एकजुटता का परिचय दिया। प्रस्थान से पहले कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था और सभी ने प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया। संगठनात्मक मजबूती और अनुशासन के साथ कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, सूर्यकांत जैन, मामराज अग्रवाल, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, विनय झा, राजेश गुप्ता चंपू सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 मार्च से



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में भगवान की आसीम कृपा से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ एवं ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम 20 मार्च से किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास पं धनंजय दुबे महाराज भागवताचार्य रापा-कुण्डा एवं ग्राम आचार्य पं प्रमोद कुमार शर्मा कठौतिया और पारायणकर्ता पं अमर तिवारी, होगें7 श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का मुख्य यजमान श्रीमती जमत्रीन मंगलू राम साहू विराजमान होगें। वहीं श्रीमद् भागवत महापुराण कार्यक्रम 20 से 28 मार्च तक होंगे आयोजित होगें। जिसमें कथा वाचक द्वारा भक्तजनों को श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा रसपान समय दोपहर 1:00 से हरि इच्छा तक श्रोताओं को कथा रसपान कराया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### गैस की किल्लत से आम जनता त्रस्तः श्रवण साहू



**हरिभूमि पंडरिया।** जिले में रसोई गैस की किल्लत से आम जनता त्रस्त हैं, समस्या समाधान के लिए सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैं, वही शादी के सीजन मे रसोई गैस की आपूर्ति ठीक से नहीं होने के कारण शादी के रिश्तो पर भी विपरीत असर पड़ रहा हैं। श्रवण साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता का हितैषी होने का ढिंढोरा बस पीटती हैं, जबकि वास्तविकता पूरी तरह अलग हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता रसोई गैस की आपूर्ति नहीं होने से घरेलू ईंधन की समस्या से ग्रसित हैं तथा लम्बी कतार मे खडे होने के बावजूद लोगो को रसोई गैस की प्राप्ति नहीं हो रही हैं, जिसके चलते कई घरो मे भोजन की समस्या निर्मित हो रही हैं। श्री साहू ने कहा कि वर्तमान मे शादी का सीजन चल रहा हैं रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने से शादी के कई रिश्ते टूट रहे, वही शादी की तिथि तय होने और शादी भवन आरक्षित करा लेने के बावजूद युवक-युवतियों की शादी नहीं हो पा रही हैं। युवा नेता श्रवण साहू ने रसोई गैस आपूर्ति को दुरुस्त करने की दिशा मे सरकार की तरफ से ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा हैं कि जल्द ही रसोई गैस की समस्या का समाधान नहीं होने पर बड़ा जन आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा।

### एनएमएमएसई परीक्षा दो मई को होगी

**कवर्धा।** कवर्धा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई)-2025-26 परीक्षा दो मई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

# बोड़ला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपं बोड़ला अध्यक्ष विजय पाटिल, समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने की, अति-विशिष्ट अतिथि लव निर्मलकर नपं उपाध्यक्ष उपस्थित थें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश चंद्रवंशी, प्यारे लाल मेरावी, राजेन्द्र तिलकवार, अरविंद अवस्थी, संत वर्मा एवं प्रताप धुर्वे सहित जनभागीदारी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें। कार्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय में वर्ष भर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को ट्रैक शूट और शील्ड देकर सम्मानित किया



मुख्य अतिथि विजय पाटिल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी। वहीं प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने वर्ष भर विभिन्न राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कीं। इनमें राहुल मरकाम ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर हरिद्वार (2025-26) में सहभागिता की। मनीषा ने अंतर-परिक्षेत्र राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2025-26) में भाग लिया। रुखमणी खुसरो, अंजली बंजारे, अनीता खुसरो एवं हेमलता साहू ने अंतर महाविद्यालयीन हॉकी (महिला) प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। होलीराज पटेल, सुमन चंद्रवंशी ने राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 में सहभागिता की। नितेश बंजारे ने राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर 2025-26 बलौदाबाजार में सहभागिता की। रोहित तिलगाम ने राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर 2024-25 में भाग लिया। नितेश डिंडोरे ने साहित्य उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय कहानि लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और कविता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र छात्राओं को ट्रैक शूट और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और सहयोगियों के प्रति छात्रसंघ प्रभारी सनत कुमार देवांगन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### भावना बोहरा ने पेयजल व किसानों को सिंचाई हेतु जल आपूर्ति एवं विद्युत सब स्टेशन स्थापना पर किया प्रश्न

# विधायक ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में प्रचार प्रसार पर अरबों रुपए फूंकने का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन काल में सरकार के प्रचार-प्रसार हेतु किए गए अरबों की राशि के भुगतान एवं नेशनल हेराल्ड को दिए गए सरकारी विज्ञापन और नेशनल हेराल्ड को 3 करोड़ 32 लाख रुपए के भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों में खर्च की गई, राशि के विषय में प्रश्न किया कि वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में आउटडोर, एलईडी, रेलवे, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया माध्यमों पर विभाग द्वारा किए गए कुल विज्ञापन व्यय की वर्षवार जानकारी देवें? उपर्युक्त अवधि में इन माध्यमों हेतु निर्गत कर्यादेशों का एजेंसी-वार एवं वर्ष-वार विवरण तथा अब तक किए गए कुल भुगतान की जानकारी देवें? उक्त अवधि में क्या नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन जारी किए गए? जिसके लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि 2021-22 में नेशनल हेराल्ड को 68 लाख रुपए, 2022-23 में 1 करोड़ 28 लाख रुपए एवं 2023-24 में 1 करोड़ 36 लाख रुपए इस प्रकार तिनं वित्तीय वर्षो में कुल 3 करोड़ 32 लाख रुपए का भुगतान नेशनल हेराल्ड को राज्य शासन के उपलब्धियों के सम्बन्ध में प्रदर्शन विज्ञापन मद से प्रचार-प्रसार हेतु किया गया।

भावना बोहरा के प्रश्न के उत्तर से यह स्पष्ट होता है कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा राजनीतिक विचारधारा से जुड़े प्रकाशनों को करोड़ों के विज्ञापन देकर जनसंपर्क विभाग के माध्यम से व्यापक भ्रष्टाचार किया गया। जो प्रकाशन लंबे समय तक बंद था और बाद में डिजिटल रूप में शुरू हुआ, उसे भी जनता की गाढ़ी कमाई से करोड़ों रुपए का विज्ञापन दिया गया। विधायक द्वारा पंडरिया विधानसभा की जनता की मूलभूत सुविधाओं, बहुप्रतिक्षित मांगों एवं शुद्ध पेयजल व किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सहित विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाने जैसे कई जनहितैषी मांग व प्रश्न विधानसभा सदन में रखे। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने जल संसाधन विभाग एवं उर्जा विभाग के बजट चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा से जुड़े प्रमुख मांगों को सदन के समक्ष रखा ताकि क्षेत्रवासियों और किसानों को उसका लाभ मिल सके व वर्तमान में हो रही समस्याओं का समाधान हो सके। विधायक श्रीमती बोहरा ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत जिले के ग्राम पेण्ड्रीकला में हाफ नदी पर रिटर्निंगवाल का निर्माण कार्य, ग्राम कुण्डा में हाफ नदी पर प्रोटेक्शन कार्य, फोक नदी पर ग्राम सैहामालगी में एनीकट कम काजवे का निर्माण, हाफ नदी में परसवारा एनीकट का निर्माण, किशुनगढ़ के खोखना नाला में स्टापडेम और विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के चितावर नाला में एनीकट कम काजवे एवं रिटर्निंगवाल के निर्माण की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बाधा रहित विद्युत आपूर्ति के लिए उर्जा विभाग अंतर्गत ग्राम टाटीकसा में नवीन विद्युत सब स्टेशन और ग्राम रणजीतपुर में 132 केवी के नवीन विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की मांग भी प्रमुखता से रखा।

### सदन में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना के विषय में प्रश्न किया




भावना बोहरा ने सदन में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना के विषय में प्रश्न किया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव से द्वारा 06 जुलाई 2025 को नगर पंडरिया में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बीरेन्द्रनगर में नवीन महाविद्यालय की स्थापना एवं भवन निर्माण कार्य हेतु घोषणा की गई थीं। क्या विभाग द्वारा महाविद्यालय स्थापना हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? वर्तमान में उक्त नवीन महाविद्यालय हेतु प्रस्ताव किस विभागीय स्तर पर लंबित है? जिसके लिखित उत्तर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बताया की मुख्यमंत्री द्वारा नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा के आधार पर उसकी स्वीकृति उच्च शिक्षा विभाग में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

### विद्युत उप केन्द्रों की स्थापना और प्रचार-प्रसार के विषय में पूछा प्रश्न

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना के विषय में भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन ग्रामों से कितने कितने के क्षमता के नवीन विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने हेतु मांग प्राप्त हुई है तथा विभाग द्वारा इन मांगों में से कितने प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित किए गए हैं? उक्त प्रस्तावित स्थानों में नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्वीकृति प्राप्त हुई है या नहीं? नवीन विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना हेतु प्राप्त मांगों पर विभाग द्वारा प्राथमिकता निर्धारण किन मानकों के आधार पर किया जा रहा है? जिसके लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत 4 ग्रामों कारेसरा, कोयलारीडीह, पौनी एवं भुवालपुर में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र एवं ग्राम सहसपुर लोहारा में 1 नग 132/33 केव्ही उपकेन्द्र स्थापित किए जाने हेतु मांग प्राप्त हुई, उक्त में से 4 ग्रामों में 4 नग 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए है। ग्राम कारेसरा, कोयलारीडीह, पौनी एवं भुवालपुर में प्रस्तावित 33/11 केव्ही नवीन विद्युत उपकेन्द्रों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। ग्राम सहसपुर लोहारा में प्रस्तावित 132/33 केव्ही उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य पूंजी निवेश योजना 2025-26 में समाहित है एवं उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध होने के पश्चात उपकेन्द्र निर्माण की स्वीकृति की कार्यवाही की जावेगी जिसकी निर्धारित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। नवीन विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना हेतु प्राप्त मांगो पर विभाग द्वारा प्राथमिकता का निर्धारण तकनीकी मानक आधार पर किया जाता है, जिसमें 33 केव्ही अथवा 11 केव्ही विद्युत लाईनों के बेहद लंबे होने के कारण अंतिम छोरों में निर्मित लो-वोल्टेज की समस्या अथवा संबंधित 33 केव्ही अथवा 11 केव्ही फीडर अतिभारित होने के कारण समय-समय पर विद्युत व्यवधान के स्थायी निराकरण हेतु यथोचित लोड सेंटर पर नवीन विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना का निर्धारण किया जाता है।

# लखनलाल मिश्र जयंती पर मुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडित लखनलाल मिश्र की जयंती के अवसर पर ग्राम मुरा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जहां अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. लखनलाल मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में लगभग 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा करीब 45 मरीजों का परीक्षण किया गया। आयोजन के दौरान अतिथियों के बीच विभिन्न विषयों पर आत्मीय चर्चा भी हुई। इस अवसर पर गणेश शंकर मिश्रा की धर्मपत्नी से सौजन्य भेंटकर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम के अध्यक्ष डॉ नरेश कुमार यदु, प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई, रिम्स मेडिकल कॉलेज बिलासपुर की व्याख्याता डॉ श्रीमती जितपुरे सहित विभिन्न जिलों से आए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। आयोजन को सफल बनाने में सभी विशेषज्ञों एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपस्थित जनों ने इस पहल को जनसेवा की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया। साथ ही साथ कवर्धा के डॉ नरेश यदु ईएनटी विशेषज्ञ ने सेवा दी, वहीं 45 मरीजो का परीक्षण किया गया।

# पीजी कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की, उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा अपने उद्बोधन में महिला स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग संभाग, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ अनुपमा अस्थाना रहीं, जिन्होंने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान एवं उनके विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ दीप्ति टिकरिहा ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न अधिनियमों तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। वाणिज्य विभाग की अतिथि व्याख्याता सुश्री मंजू वर्मा ने महिलाओं के पोषण एवं संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजक एवं मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ अनिल शर्मा, डॉ सीमा मडावी, श्रीमती स्वेच्छा सिंह परिहार, श्रीमती मीनू ठाकुर, किरण कोठारी, रितु चंद्राकर, प्राची श्रीवास्तव, सीमा चंद्रवंशी, चंचल साहू, माधुरी भास्कर, श्रीमती उषा देवांगन सहित अन्य स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

# 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पंडरिया में कांग्रेस का धरना

- राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



क्षेत्रीय मुद्दों एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से सौंपा गया, जिसे तहसीलदार ने प्राप्त किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने बताया कि ज्ञापन में राज्य सरकार की नीतियों एवं क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। प्रमुख मांगों में पंडरिया स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में किसानों के गन्ना भुगतान की शीघ्रता, कोदो-कुटकी-रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी पुनः शुरू करना, जर्जर बस स्टैंड का जीर्णोद्धार, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण, पेयजल व्यवस्था, ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं अवैध गतिविधियों पर रोक शामिल हैं। इसके साथ ही धान खरीदी, शक्कर कारखाने एवं नहर विस्तार कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री, अपराध एवं आधारभूत सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# शंकराचार्य ने गौ-माता प्रीमियर लीग सीजन 2 पोस्टर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोहारा विकासखण्ड़ के ग्राम पंचायत टाटीकसा पहला ग्राम पंचायत है, जहां गौ-माता को ग्राम माता का दर्जा प्राप्त है। ग्राम के युवकों द्वारा गौमाता के संरक्षण के लिए विभिन्न विभिन्न कार्यशाला का आयोजन कर लोगो में जन-जागरूकता फैला रहे है। इसी तत्वाधान में टाटीकसा के युवको द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में टाटीकसा गौमाता प्रियमर लीग रात्रि कालिन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर युवको में गौसंरक्षण करने का जागरूकता लाना मुख्य उद्देश्य है, वही आयोजक टिम द्वारा आज श्री सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा बेमेतरा पहुंच शंकराचार्य स्वमी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से विधिवत प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर का विमोचन कराया गया। पोस्टर विमोचन में विवेक गौतम, अनिल तिवारी, बंशी रजक, ओंकार निर्मलकर, राकेश रजक, अमित साहू, गंगा सागर साहू, अनिल रजक, राज साहू, बलदु साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थें।आयोजक टिम के कप्तान विवेक गौतम ने बताया गाय हम समस्त हिंदू सनातनियों की गौ-माता है जिसका संरक्षण करना हम समस्त हिंदू सनातनियों का कर्तव्य है, वही गुरु स्वामी शंकराचार्य महाराज से प्रेरणा लेकर उनके गौमाता को राज्यमाता-राष्ट्रमाता हो और जन-जन को इस अभियान से जोड़ने के लिए यह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पोस्टर पूज्य शंकराचार्य द्वारा विमोचन कर आर्शीवाद प्राप्त किए।

### जिले में ड्राई-डीएसआर तकनीक पर विशेष प्रशिक्षण

# किसानों को कम पानी में अधिक धान उत्पादन के सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने और धान उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के एक निजी होटल में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति और किसान क्राफ्ट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सूखी सीधी बुवाई धान तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इस पद्धति से पारंपरिक रोपाई की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है, वहीं श्रम और लागत में भी कमी आती है। कम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए यह तकनीक विशेष रूप से उपयोगी मानी जा रही है। विशेषज्ञों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पारंपरिक खेती और आधुनिक हाईटेक तकनीकों के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों एवं नवीन पद्धतियों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि ड्राई-डीएसआर तकनीक में बीजों की सीधी बुवाई की जाती है, जिससे रोपाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और फसल जल्दी तैयार होती है। साथ ही इंटरक्रॉपिंग के माध्यम से अतिरिक्त आय की संभावना भी बढ़ती है। कार्यशाला में यह भी जानकारी दी गई कि इस तकनीक को अपनाने से प्रति हेक्टेयर 15 से 39 हजार रुपए तक की बचत संभव है।

इसके अलावा यह पद्धति ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने में सहायक होने के कारण पर्यावरण के अनुकूल भी है। किसान क्राफ्ट लिमिटेड के चेयरमैन रविंद्र अग्रवाल ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्नत खेती और आधुनिक उपकरणों के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में शामिल किसानों ने कार्यक्रम में गहरी रुचि दिखाई और खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब किए। किसान भागवत चंद्राकर एवं सोनी कुमार वर्मा सहित अन्य किसानों ने इस पहल को लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे कम लागत में अधिक उत्पादन की दिशा में नई राह खुलेगी।

कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कृषि विकास, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आजीविका सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस पहल से किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिससे भविष्य में धान उत्पादन और किसानों की आय में सकारात्मक वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**भोरमदेव महोत्सवः** दिलीप षडंगी, आरू साहू सहित स्थानीय कलाकारों ने महोत्सव में दी प्रस्तुति

# एक दिवसीय भोरमदेव महोत्सव में प्रदेश के गायकों ने बांधा समां, जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 30 वें एक दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन 17 मार्च को इस बार ग्राम छपरी में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर जिले सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ आयोजन में देखने को मिली, जिससे इस एक दिवसीय महोत्सव का माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। समारोह मे प्रख्यात छत्तीसगढ़ी लोक कला व जसगीत गायक दिलीप षडंगी एवं आरू साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। जिसकी आनंत श्रोताओं ने देररात तक लिया और झूमते नजर आए। गायक दिलीप षडंगी के भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। श्री षडंगी ने एक से बढ़कर एक भजनों से कार्यक्रम स्थल में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी। इस अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं सहित अन्य स्कूलों के बच्चों तथा स्थानीय कलाकारों ने भी भोरमदेव महोत्सव में अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं व दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की ख्याति देश के अलग-अलग राज्यों तक फैली हुई है। यहां साल भर विदेशी, देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में आना होता है। बाबा भोरमदेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मानाने की यहां परम्परा रही है। साथ में सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां सावन माह में मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होते है। इस बार भोरमदेव कारीडोर निर्माण के चलते महोत्सव का आयोजन भोरमदेव क्षेत्र से बाहर ग्राम छपरी में किया गया।





## सुरक्षा की रही चाक चौबंद व्यवस्था

यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते वर्ष भोरमदेव परिसर में आयोजित भोरमदेव महोत्सव के पहले ही दिन कुछ आसामाजिक तत्वों ने महोत्सव की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए जमकर हंगामा किया था और सैकड़ों की संख्या में कुसियां तोड़ी थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस प्रशासन ने महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने करीब 400 की संख्या में सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया था। जिसके चलते महोत्सव से इस बार बीते वर्ष की तरह घटित कोई घटना की खबर नहीं मिली है।

## लोक व शास्त्रीय प्रस्तुतियों से सजी भोरमदेव की शाम

भोरमदेव महोत्सव में स्थानीय एवं अन्य जिलों से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। कार्यक्रम में ग्राम बरपानी के मोहन ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस लोकनृत्य ने आदिवासी संस्कृति की झलक पेश करते हुए दर्शकों की आकर्षक का केंद्र रहा। कवर्धा और बोड़ला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने "रामेश्वरम दर्शन" एवं "नरसिंह अवतार" पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। शास्त्रीय नृत्य की कड़ी में रायपुर की अक्षिता दुबे और कवर्धा की दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया। उनके सधे हुए कदम और आकर्षक मुद्राओं ने खूब तालियां बटोरीं। इसी क्रम में बिलासपुर के युवराज सिंह लोनिया ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। वहीं अध्या पांडे ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मोहम्मद असन की वाद्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को खासा प्रभावित किया। उनकी धुनों पर दर्शक झूम उठे।

# वनोपज संग्रहण व खरीदी के प्रति उदासीन रवैया?



- अनदेखी का व्यापारी उठा रहे है बेजा फायदा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी जिले के जंगलों से निकलने वाली वनोपज का बुरा हाल है। एक तो सरकारी नीति और उस पर मुफ्त की योजनाओं के चलते न तो वनवासी वनोपज संग्रहण करने में रूचि दिखा रहे हैं और न ही लघुवनोपज समिति वनोपजों को खरीदने रूचि दिखा रही है। जानकारी के मुताबिक अभी जिले की किसी भी समिति में वनोपज की खरीदी शुरू नहीं की गई है। समितियों का कहना है कि संग्रहणकर्ताओं द्वारा वनोपज का संग्रहण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते खरीदी शुरू नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों की माने तो अंचल से निकलने वाली वनोपज को खरीदने व्यापारी सक्रिय हो चुके है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन की गलत नीतियों और मुफ्त की योजनाओं के चलते वनवासियों का मोह अब वनोपज संग्रहण से भंग हो गया है। बताया जाता है कि वनअधिकार पट्टा जैसी योजना के साथ जंगलों की अंधाधुंध कटाई के चलते पहले ही वनोपज महुआ, आम, ईमली, चार आदि के पेड़ों की संख्या काफी कम हो चुकी है। उस पर संग्रहणकर्ताओं की माने तो शासन द्वारा वनोपज का जो मूल्य निर्धारित किया गया है वह उनकी हाड़तोड़ मसक्कत के लिहाज से बेहद कम है। वनवासियों के मुताबिक समितियों द्वारा महुआ 30 से 35 रूपए किलो खरीदा जाता है, वहीं इस बार चार चिरोंजी छिलका रहित 200 रूपए तथा छिलका सहित करीब 130 रूपए प्रति किलो खरीदने कहा जा रहा है। जबकि यही चार चुनावी वर्ष में छिलका रहित करीब 310 रूपए प्रति किलो के भाव से समितियों में खरीदी गई थी। जिसके इस बार दाम करने के आसार साफ दिखाई दे रहे हैं। जबकि व्यापारी इन वनोपज को शासकीय दर से कहीं अधिक पर खरीद लेते हैं। बावजूद वनवासी इनके संग्रहण में अब वैसी रूचि नहीं दिखा रहे है जैसे की पहले दिखाते थे। जानकारों की माने तो इसकी एक वजह शासन की मुफ्त की योजनाएं भी है। आज शासन द्वारा कई मुफ्त की योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विवाहित महिलाओं को हर माह महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए दिए जा रहे हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को 1 रूपए किलो के भाव से चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकांश वनवासी परिवारों के पास वन अधिकार पट्टा के तहत शासन से मिली कृषि भूमि उपलब्ध है जिसमें धान की अच्छी फसल लेकर शासन द्वारा निर्धारित 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई लिखाई, शादी विवाह जैसे तमाम योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिल रहा है। ऐसे में भला कोई क्यों जंगल के जोखिम उठाते हुए तपती धूप में वनोपज का संग्रहण करने निकलेगा। हां जिन्हें अपने आसपास ही सहजता से वनोपज मिल रही है वे जरूर इसका संग्रहण कर रहे हैं लेकिन यह समुचित वनोपज संग्रहण नहीं कहा जा सकता।

## वनवासियों की तेंदुपत्ता से अच्छी कमाई

भले ही वनोपज संग्रहणकर्ता दीगर वनोपज का संग्रहण करने में कोई खास रूचि नहीं दिखा रहे है लेकिन इसके विपरीत इन वनोपज संग्रहणकर्ताओं को तेंदूपत्ता तोड़ाई का बड़ी बेसर्बी से इंतजार है। दरअसल इसकी मुख्य वजह इसकी कीमत है। बताया जाता है कि शासन ने तेंदूपत्ता की कीमत 5500 रूपए प्रति मानक बोरा तय की है। जो तेंदुपत्ता संग्रहणकर्ताओं को बहुत भा रही है। जानकारी के मुताबिक तेंदूपत्ता की बूंटा कटाई कराई जा चुकी है और उम्मीद की जा रही है कि मई माह आते आते इसकी अच्छी पैदावार होगी। जिसका सभी संग्रहणकर्ताओं को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। ताकि वे तेंदूपत्ता का संग्रहण कर एक बार फिर अच्छी कमाई कर सकें।

## खबर संक्षेप


### किसान संघ का पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ ने गत दिनो पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन ग्राम किशुनगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ किसानों के देवता भगवान बलराम व भारत माता के तैलीय चित्र के समक्ष व पूजा अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री जीवन यादव में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के मध्य भारत के प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने कहा की परिवार हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है परिवार से हमे स्नेह समर्थन सुरक्षा सहयोग संस्कार और परंपराएं मिलता है। परिवार से हमारे आध्यात्मिक विकास होता है भारतीय किसान संगठन एक पारिवारिक संगठन है जो कि घर के मुखिया की तरह हर किसान के समस्याओं का निराकरण कर रहा है। जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने अपने विचार व्यक्त किया। पारिवारिक सहयोग के बिना कोई भी व्यक्ति आगे नही बढ़ सकता है समाजहित देशहित कार्य नही कर पायेगा जब तक वह समाज परिवार से जुड़कर नही रहेगा भारतीय किसान संघ जो की एक राष्ट्रवादी गैर राजनीतिक पारिवारिक संगठन है। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से किसान के हित का कार्य कर रहा है याने पूरे समाज/परिवार का कार्य कर रहा है इस प्रकार कार्य उनके दिव्य पारिवारिक जनों का प्रेरणा एवं सहयोग होता है।

# बढ़ती गर्मी के साथ बिजली के झटके शुरू, बिजली की खपत में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों मंट एक बार फिर बिजली ने झटका देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्च माह के शुरूआती दिनो से ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढ़ने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीत ऋतु की समाप्ती के बाद अब गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही नगर सहित समूचे जिले में बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्स विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा नगर में कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचोली से राहत मिल सकती है।



## उन्नत गन्ना खेती की बताई गई विधि

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ द्वारा गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण अवसर पाठ धाम में आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना उत्पादक किसानो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए पोलन एग्रो मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड के गन्ना फसल विशेष एवं जाने माने विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। कंपनी की ओर से प्रमोद पाटिल मार्केटिंग मैनेजर एवं विनोद मधेकर डेवलपमेंट प्रमुख ने किसानों को गन्ना फसल के वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में मिट्टी की उर्वरक क्षमता लगातार कम हो रही है, इसलिए मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्बन नाइट्रोजन अनुपात के महत्व को समझाते हुए संतुलित पोषण प्रबंधन पर जोर दिया। इसके साथ ही किसानों को गन्ना फसल के लिए सही बीज का चुनाव, कम लागत में पौधे तैयार करने की विधि, तथा खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग का सही समय और मात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर किसान कम खर्च में अधिक गन्ना उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं और अनुभव भी साझा किए, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। उपस्थित किसानों ने इस प्रकार की तकनीकी जानकारी को बेहद उपयोगी बताया। बैठक के अंत में किसानों ने सामूहिक रूप से मांग रखी कि गन्ना किसानों के हित में इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम फैक्ट्री स्तर पर लगातार और समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि किसानों को नई तकनीक और उन्नत खेती की जानकारी नियमित रूप से मिलती रहे। किसानों की इस मांग को सुनते हुए डोमन चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ ने किसानों को आश्वासन दिया कि संघ किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर तथा आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञों को आमंत्रित कर इसी प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि किसानों को सही तकनीकी जानकारी मिलती रहे और उनकी खेती अधिक लाभकारी बन सके।

# जिले में एसबीआई संजीवनी एमएमयू परियोजना का निरीक्षण एवं फील्ड विजिट सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एसबीआई फाउंडेशन की असिस्टेंट मैनेजर हेल्थ एंड एल्डरली केयर सुश्री ईशा अग्रवाल द्वारा कबीरधाम जिले में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना का एक दिवसीय निरीक्षण एवं फील्ड विजिट किया गया। सुश्री ईशा अग्रवाल आगमन पर शिखर युवा मंच एवं परियोजना की ओर से अयोध्या जायसवाल एसव्हाईएम द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा परियोजना की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई। विजिट के दौरान सुश्री अग्रवाल ने ग्राम कुकरापानी एवं मण्डीभट्ठा का दौरा कर समुदाय के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के माध्यम से प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में ग्रामीणों से संवाद किया तथा हितग्राहियों से सीधे बातचीत कर उनके अनुभव एवं सुझाव प्राप्त किए। साथ ही, कुछ चयनित लाभार्थियों से केस स्टडी के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई, जिससे परियोजना के प्रभाव का मूल्यांकन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना से संबंधित दस्तावेजों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त रूरू स्टाफ के साथ बैठक कर सेवा प्रदायगी, समुदाय तक पहुंच एवं संचालन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। विजिट के अंत में सुश्री ईशा अग्रवाल द्वारा परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए तथा समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। यह निरीक्षण शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी एमएमयू परियोजना के माध्यम से समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




## रीना शर्मा को किया गया सम्मानित



**कवर्धा।** समाजिक संस्था नवसृजन मंच छतीसगढ़ ने गत दिनो वृंदावन हाल सिविल लाइन में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही 51 महिलाओं को छतीसगढ़ राज्य स्तरीय महतारी अलंकरण से विभूषित किया। जिसमें कबीरधाम की बेटी रीना शर्मा महिला नगर सैनिक को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। छतीसगढ़ में महिला सैनिक में सबसे अधिक बार सम्मानित होने वाली रीना शर्मा विगत कई वर्षो से स्वामी विवेकानंद फोर्स अकादमी में फिजिकल प्रशिक्षक का कार्य कर रही है एवं जिले के महिलाओं को उत्कृष्ट कार्यो के लिए एवं देश हित, समाज हित के कार्यो के लिए एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं शंसक्त बनाने के लिए प्रेरित करते आ रही है। संस्था द्वारा 51 महिलाओं को राज्य स्तरीय महतारी अलंकरन से सम्मानित किए जाने से सभी महिलाएं गौरवान्वित हुए हैं। रीना शर्मा जिलें मे निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करते आई है अपने कार्यो से उन्होने जिले को हमेशा गौरवान्वित किया गया। उन्हें यह सम्मान मिलने से लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**भगवा तोरणों से सजा कवर्धा, हिंदू नव वर्ष पर सांस्कृतिक संध्या और भारत माता की महाआरती**

# कवर्धा में हिंदू नव वर्ष की भव्य तैयारी, 19 मार्च को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कवर्धा में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 19 मार्च दिन गुरुवार को पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा एकता चौक में सांस्कृतिक संध्या और भारत माता की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

कवर्धा का हिंदू नव वर्ष उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी भव्यता और ऐतिहासिक परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 21 वर्षों पूर्व कवर्धा के सनातनी युवाओं द्वारा इस आयोजन की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और सनातनी परंपराओं के प्रति समाज में गौरव की भावना जागृत करना था। समय के साथ इस आयोजन का स्वरूप और भव्यता निरंतर बढ़ती गई और आज यह उत्सव हजारों युवाओं की आस्था और सहभागिता का प्रतीक बन चुका है। हिंदू नव वर्ष के स्वागत में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों को भगवा ध्वज, तोरण और सजावट से सुसज्जित किया गया है। घर-घर में भगवा तोरण लगाए जा रहे हैं और पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति के सदस्य चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होगा। शहर की विभिन्न समितियों और युवाओं के दलों द्वारा भव्य शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें श्रीराम दरबार, हनुमान जी, माता रानी सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां शामिल होंगी। इसके साथ ही लेजर शो और अन्य विशेष आकर्षण भी आयोजन में शामिल किए गए हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अपनी वैदिक संस्कृतिक को यशस्वी बनाए रखने के लिए कवर्धा नगर के युवाओं ने हिन्दू नववर्ष की भव्य तैयारियां की है। हिन्दू नववर्ष कवर्धा एक विशेष पहचान बनाता जा रहा है और इस पहचान को छत्तीसगढ़ में एक विशेष पहचान बनाने के लिए बीते कई दिनो से कवर्धा युवा, नगर को सजाने में लगे हैं।

नगर के एकता चौक, सिग्नल चौक, लोहारा नाका चौक, अम्बेडकर चौक सहित अन्य चौकों को वैदिक संस्कृति के अनुरूप भगवा तोरण, फ्लेक्स, रंगीन लाईट के माध्यम से नगर को सजाया गया है तथा नगरवासियों से आव्हान किया है कि विदेशी संस्कृति का त्याग करते हुए अपनी संस्कृति व परंपरा के अनुसार हिन्दू नववर्ष को मनाएं।

## शोभायात्रा की झांकियों को मिलेगा आकर्षक पुरस्कार

समिति द्वारा बताया गया कि शहर के विभिन्न वार्डों से निकलने वाली शोभायात्राएं समिति द्वारा निर्धारित यात्रा मार्ग में सम्मिलित होंगी। इन झांकियों और शोभायात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति द्वारा पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21,000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 15,000 रूपए का पुरस्कार समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कवर्धा के हृदय स्थल एकता चौक को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। यहां शाम 6 बजे से सांस्कृतिक संध्या एवं माता का जगराता आयोजित किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका शिवानी जंघेल द्वारा देवी जस गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे एकता चौक में भारत माता की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेष आतिशबाजी भी की जाएगी। कवर्धा की जनता हिंदू नव वर्ष के स्वागत के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी हुई है। शहर में चारों ओर भगवा सजावट और धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है, जिससे इस वर्ष का हिंदू नव वर्ष उत्सव कवर्धा में ऐतिहासिक और अद्वितीय होने जा रहा है।

# सेवानिवृत्ति पर सूखाताल स्कूल में नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल सुखाताल में मंगलवार को वरिष्ठ व्याख्याता कुमार सिंह साहू के जन्म दिवस एवं सेवा निवृत्ति दिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। श्री साहू की प्रथम नियुक्ति 14 फरवरी 1984 में हुई थी। श्री साहू ने अपना 43 वर्ष का शिक्षकीय जीवन बहुत ही अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ ईमानदारी पूर्वक अर्धवार्षिक पूर्ण कर 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। इस दौरान श्री साहू की प्रथम नियुक्ति उपशिक्षक के रूप मे शासकीय प्राथमिक शाला सारंगपुर खुर्द, इसके बाद शासकीय प्राथमिक शाला रामेहपुर खुर्द में 31 वर्ष सेवा प्रदान करने के पश्चात पदोन्नति प्राप्त कर सैहामालगी हाई स्कूल में व्याख्याता एवं प्राचार्य के रूप में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय रवेली में तथा अंत में शासकीय हाई स्कूल सूखाताल से सेवानिवृत होने जा रहे हैं। इस अवसर पर श्री साहू के द्वारा शाला के समस्त माध्यमिक, हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं संकुल के समस्त शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य को आमंत्रित कर सभी को नेवता भोज कराया। आयोजन में संस्था के प्राचार्य संजीव कुमार वर्मा, प्रधान पाठक गणेश राम साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, राम सिंह साहू, अमित मिश्रा, कुमार चंद्रवंशी सोखी लाल माहिले, यदुनाथ सिंह राठौर, रामाश्रय शर्मा, साधराम भारती, राजू सिंह श्याम, श्रीमती अनुसूईया शर्मा, गुरु प्रसाद शर्मा, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, देवांगन मैडम, संदीप चंद्रवंशी, चंद्रहास वर्मा, अशोक चंद्रवंशी, सुरेश वासनिक, राजेंद्र कुमार शर्मा, प्रहलाद चंद्रवंशी, सुनील कुमार साहू, अवध राम साहू, सुकील राम साहू, धनेश्वर राजपूत, उषा तिवारी पूर्णिमा शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सुखाताल भरत वर्मा, दीपक वर्मा, जिगर साहू, संकुल समन्वयक देवेंद्र कुमार पांडेय, राजेश कुमार वर्मा, अमरिका प्रसाद कुर्रे, कांशीराम यादव, सरोज यादव, समस्त छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

